सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण देहरादून की बैठक दिनाक 26.06.10 की कार्यवाही :–

उपस्थिति :

1. श्री अजय सिंह नबियाल — अध्यक्ष।
   आई0ए0एस0
   आयुक्त, गढ़वाल मंडल।

2. श्री विजेन्द्र भण्डारी, — सदस्य।
   मसूरी, देहरादून।

3. श्रीमती सुनीता सिंह — पदेन सचिव।
   संभागीय परिवहन अधिकारी,
   देहरादून।

संकल्प संख्या–1–

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण देहरादून की बैठक दिनाक 12.11.09 की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

संकल्प संख्या–2–

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा परिचालन पद्वति से पारित मद में उल्लिखित आदेष क्रमांक 1 से 5 तक का अनुमोदन किया जाता है।

संकल्प संख्या–3–

सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा क्रमांक अ,ब तथा स पर जारी अस्थाई/स्थाई परमिटों का अनुमोदन किया जाता हैं।

संकल्प संख्या–4–

मद संख्या–4 में वर्णित याचिका सं0–316/2001 में मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित आदेष दिनांक 20.05.10 का अवलोकन किया गया। इन आदेषों के अनुपालन में अध्यक्ष, विक्रम जनकल्याण सेवा समिति देहरादून द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन दिनांक 31.05.10 का भी अवलोकन किया गया। इस प्रतिवेदन में विक्रम जनकल्याण समिति ने निवेदन किया है कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12.11.09 के संकल्प संख्या–07 द्वारा लिए गये निर्णय के फलस्वरूप स्कूटर इण्डिया लि0 द्वारा विनिर्मित यूरो–।। डीजल चालित विक्रम वाहनों का पंजीयन परिवहन विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है एवम् परमिटों पर इन वाहनों का प्रतिस्थापन व पृष्ठाकन अनुमत नहीं किया जा रहा है।

प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12.11.09 में यह निर्णय लिया गया था कि '' **देहरादून में प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करने, यात्रियों को अधिक आरामदायक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने एवं दुर्घटनाओं की आशंकाओं को न्यूनतम करने तथा ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कम से कम यूरो–3, 04 पहिया वाली, न्यूनतम दो सिलेंडर वाली डीजल चालित वाहनों अथवा एल0पी0जी0 चालित विक्रम वाहनों से ही प्रतिस्थापन अनुमन्य किया जायेगा**.'' ।

उक्त निर्णय के फलस्वरूप विक्रम परमिट धारकों के लिए यह आवष्यक है कि अपनी वाहनों की आयु पूर्ण हो जाने पर उनका प्रतिस्थापन या तो एलपीजी चालित विक्रम वाहन से कर दिया जाय अथवा ऐसी डीजल चालित वाहन से किया जाय जो कि यूरो–3, चार पहिए वाली एवम् न्यूनतम 02 सिलेण्डर वाली वाहन हो । उपरोक्त निर्णय को मानने में विक्रम जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा अपनी असमर्थता एवम् कठिनाईयों का हवाला देते हुए कहा गया कि :–

1– वर्तमान में स्कूटर इण्डिया लि0 के द्वारा एलपीजी चालित वाहन का उत्पादन बन्द कर दिया गया है, उनके द्वारा स्कूटर इण्डिया लि0 का पत्र दिनांक 08.05.10 प्रस्तुत किया गया ,जिसमें यह कहा गया कि–

'' As during that period LPG filling stations were not at place hence customers did not come forward to buy this vehicle. This was also the phenomena in other places.

Since this product was not selling for the above mentioned reason we stopped manufacturing of these vehicles. Now with BS-III standards being implemented and we dicided to offer BS-III vehicles to customers.

We are plesed to inform you that our 1000 LG{LPG} vehicles has got approval from the authority at ARAI, Pune. Copy of ARAI approval for 1000 LG{LPG} vehicles is being enclosed for your ready refrerence.

We assure you that in a span of 30/45 days we will be able to offer LPG vehicle to custmers at Dehradun.''

2– उपरोक्त स्थिति में 04 पहिया यूरो–3,न्यूनतम 02 सिलेण्डरों वाली वाहनों से प्रतिस्थापन एक मात्र माध्यम बचता है। किन्तु ये वाहनें मंहगी हैं और इन वाहनों के संचालन का व्यय अधिक है। अतः वे यह वाहन नहीं लगाना चाहते हैं। समिति के अध्यक्ष श्री शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि जब तक एलपीजी चालित विक्रम उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक उन्हें डीजल चालित यूरो–02/03 विक्रम वाहनों से प्रतिस्थापित करने की अनुमति दी जाय।

प्राधिकरण द्वारा सभी पक्षों पर विचार किया गया। चूंकि वर्तमान में एलपीजी चालित विक्रम उपलब्ध नहीं है । अतः एलपीजी चालित विक्रम वाहन से प्रतिस्थापन की षर्त की बाध्यता को षिथिल करते हुऐ यह निर्णय लिया गया कि डीजल चालित यूरो–02/03 वाहनों को इस षर्त के साथ प्रतिस्थापन कर दिया जाय कि भविष्य में एलपीजी चालित विक्रम वाहनों के उपलब्ध हो जाने पर इन वाहनों का प्रतिस्थापन एलपीजी चालित वाहनों से करना होगा। एल0पी0जी0 वाहन की उपलब्धता पर यह छूट अनुमन्य नहीं होगी।

संकल्प सं0–5:–

मद सं0–5 के अन्तर्गत नगर बस सेवा मार्गो पर स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस मद में वर्णित मागों के सम्बन्ध में क्रमानुसार विचारोपरान्त निम्न प्रकार आदेष पारित किये जाते हैं।

1– थाना कैन्ट–परेड ग्राउन्ड मार्ग वाया जीएसएस रोड–आईएसबीटी–बाईपास रोड–रिस्पनापुलः–

श्री भीम सिंह पुत्र नत्थू सिंह, 79 लोअर नत्थनपुर नेहरु ग्राम देहरादून की याचिका सं0–302/10 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 11.03.10 को पारित आदेषों के अनुपालन में उक्त मार्ग पर विचार हेतु प्रस्तुत किया गया है । स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु प्रार्थना पत्रों का उल्लेख परिषिष्ट **क** में दिया गया है। संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा मार्ग पर 05 रिक्तियों की संस्तुति की गई है। मोटर गाडी अधिनियम 1988 की धारा 71(ग) के अनुसार 04 परमिट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को व 01 परमिट अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी को दिया जाना है।

प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। उपस्थित प्रार्थियों को प्राधिकरण द्वारा विस्तार से सुना गया। श्री भीम सिंह, श्री नरेन्द्र सिंह गुंसाई, श्री विनोद चन्दोला तथा श्री संजय नेगी ने उपस्थित होकर अवगत कराया कि उनके पास बसें उपलब्ध हैं जो परमिटों के अभाव मे संचालित नहीं हो पा रही है। उन्होंनें निवेदन किया कि उनको इस मार्ग पर परमिट स्वीकृत कर दिया जाय।

प्राधिकरण ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि निम्नलिखित प्रार्थियों को उक्त मार्ग का एक–एक स्थाई सवारी गाडी परमिट सामान्य शर्तों के साथ पांच वर्ष की अवधि के लिये स्वीकृत किया जाता है।

क्र0सं0	परिषिश्ट का क्रमांक	आवेदक का नाम तथा पता	अन्य विवरण
1–	क्रमांक–7	श्री भीम सिंह पुत्र श्री नाथीसिंह, 79–लोअर नत्थनपुर, देहरादून ।	वाहन संख्या–यू0के07पीए–0267
2–	क्रमांक–66	श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री रतन लाल 196, चुक्खुवाला, देहरादून।	अनुसूचित जाति
3–	क्रमांक–84	श्री नरेन्द्र सिंह गुंसाई पुत्र श्री बी0एस0 गुसाई, 160/3 नेषविला रोड, देहरादून ।	वाहन संख्या–यूके07पीए–0264
4–	क्रमांक–89	श्री विनोद चन्दोला पुत्र श्री रमेष चन्द निवासी डांडा लखोड, गुजराडा, देहरादून ।	वाहन संख्या–यू0के07पीए–0351
5–	क्रमांक–94	श्री संजय नेगी पुत्र श्री गजेन्द्रसिंह 23–तिलक रोड, देहरादून ।	वाहन संख्या–यू0के07पीए–0357

क्रमांक 1, 3, 4 व 5 में वर्णित प्रार्थियों के पास वाहन उपलब्ध है। अतः उनको उसी वाहन पर स्वीकृत परमिट जारी किया जाय। क्रमांक 2 पर उल्लिखित प्रार्थी को नई वाहन पर स्वीकृत परमिट जारी किया जाय।

स्वीकृत परमिट वाहनों के वैध कागजात प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.08.10 तक प्राप्त किये जायेंगे। परिषिष्ट में वर्णित षेष प्रार्थना पत्रों को कोई रिक्ति उपलब्ध न होने के कारण अस्वीकृत किया जाता है।

2— डी0एल0 रोड—डिफेन्स कालोनी मार्ग—

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 05 परमिटों की संख्या बढाने की संस्तुति की गई है । मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त 66 प्रार्थना—पत्रों का विवरण परिषिष्ट **''ख''** में दिया गया है तथा दो प्रार्थना—पत्र अनुपूरक सूची में उल्लिखित् है।

प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। श्री रविन्द्रं सिंह व श्री भरत ने बताया कि उनके पास वाहन उपलब्ध है तथा वे बिना परमिट के वाहन का संचालन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने निवेदन किया कि उनको उक्त मार्ग का स्थाई सवारी गाडी परमिट स्वीकृत किया जाय। प्राधिकरण ने बैठक में उपस्थित प्रार्थयो ंको सुनने के पष्चात विचारोपरान्त निर्णय लिया कि निम्न प्रार्थियों को एक—एक स्थाई सवारी गाडी परमिट सामान्य शर्तो के साथ पांच वर्ष की अवधि के लिये स्वीकृत किया जाता है।

क्र0सं0	**परिषिष्ट का क्रमांक**	**आवेदक का नाम तथा पता**	**अन्य विवरण**
1—	क्रमांक—6	श्रीमती बबीता पत्नी श्री राकेष कुमार नयागांव, बद्रीपुर, देहरादून ।	अनुसूचित जाति
2—	क्रमांक—13	श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री श्याम लाल ग्राम पौंधा देहरादून।	वाहन संख्या—यूके07पीए—0461

3—	क्रमांक—27	श्री भरत पुत्र श्री नाथी राम माजरी माफी, क्लेमेन्टाउन, देहरादून।	वाहनसंख्या—यूके07पीए—0474
4—	क्रमांक—49	श्री बिजेन्द्र सिंह पुत्र श्री चन्द्रप्रकाष 129 नई बस्ती अंबेडकर मार्ग देहरादून।	
5—	क्रमांक—64	श्री विषाल सिंह पुत्र श्री महेष कुमार हरिद्वार रोड हर्रावाला देहरादून।	

क्रमांक 2 व 3 में वर्णित प्रार्थी के पास वाहन उपलब्ध है। अतः उनको उसी वाहन पर स्वीकृत परमिट जारी किया जाय। क्रमांक 1, 4 व 5 में वर्णित प्रार्थीं को नई वाहन पर स्वीकृत परमिट जारी किया जाय। स्वीकृत परमिट दिनांक 31.08.10 तक वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किये जायेंगे। उसके उपरान्त स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जायेगी। परिषिष्ट एवम् अनुपुरक सूची में उल्लिखित शेष प्रार्थनापत्रों को अस्वीकृत किया जाता है।

(3)–<u>परेडग्राउन्ड–प्रेमनगर–परवल–बडोवाला तथा सम्बन्धित मार्गः–</u>

प्रबन्ध निदेषक उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून ने पत्र संख्या–1111/एचक्यू/संचालन–।।/10 दिनांक 25.6.10 द्वारा उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने के विरूद्ध आपत्ति करते हुए कहा गया है कि देहरादून–प्रेमनगर मार्ग राष्ट्रीयकृत मार्ग है। इस मार्ग के किसी भाग में निजी क्षेत्र की बस सेवा संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उक्त मार्ग पर निगम द्वारा जेएनएनएयूआरएम योजना के अन्तर्गत नगर बसें चलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने प्राधिकरण की बैठक में उपस्थित होकर कहा कि राष्ट्रीयकृत मार्ग पर यदि प्राधिकरण द्वारा परमिट जारी किये जाते हैं तो पहले परिवहन निगम को वाहन संचालन के लिये कहा जाय। यदि परिवहन निगम इस मार्ग पर बस संचालन न करे तो निजी आपरेटरों को बस संचालन हेतु परमिट दिये जायें।

प्राधिकरण को बताया गया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा देहरादून–प्रेमनगर मार्ग पर नगर बस सेवा संचालित नहीं है। परिवहन निगम द्वारा इस मार्ग पर संचालित नगर बस सेवा वर्ष 1996 के उपरान्त बन्द कर दी गई थी। षासन द्वारा मोटर गाडी अधिनियम–1988 की धारा–102 के अन्तर्गत राष्ट्रीयकरण की योजना में अधिसूचना संख्या–2134/30–2–94–240/94 दिनांक 05.08.94 द्वारा संषोधन किया गया था । इस अधिसूचना में अन्य नगरों के साथ–2 देहरादून नगर में भी 20 किमी0 अर्धब्यास के भीतर (विषेष परिस्थितियों में 25 किमी0 अर्धब्यास में) निजि क्षेत्र की बसों द्वारा सडक परिवहन निगम के साथ–साथ निजी नगर बस सेवा चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। इस प्रकार राष्ट्रीयकरण की अधिसूचना में संषोधन हो जाने के पष्चात ही उपरोक्त मार्ग पर निजी नगर बस सेवा परमिट जारी किये गये है।

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 05 परमिटों की संख्या– बढाये जाने की संस्तुति की गई है । इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त 69 प्रार्थना–पत्रों का विवरण परिषिष्ट ''**ग**'' में दिया गया है। प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। प्राधिकरण के समक्ष 03 प्रार्थी ही उपस्थित हुऐ।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि इस मार्ग पर परिवहन निगम से भी परमिट प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र ले लिये जायें एवम् प्राधिकरण की आगामी बैठक में इन रिक्तियों के सापेक्ष परमिट देने पर विचार किया जायेगा, जिसमें परिवहन निगम को प्राथमिकता दी जायेगी। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्थगित किया जाता है तथा इन प्रार्थना पत्रों को परिवहन निगम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के साथ प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

(4) <u>कौलागढ–विधानसभा तथा सम्बन्धित मार्ग–</u>

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति के दो सदस्यों द्वारा 05 परमिट बढाये जाने की संस्तुति की गई है। परन्तु समिति के एक सदस्य पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यह टिप्पणी की गई हैकि मार्ग शहर के ब्यस्तम चौराहों से होकर निकलता है इसलिए परमिटों में वृद्धि करने की संस्तुति नहीं की जा सकती। इस मार्ग पर परमिटों हेतु 18 प्रार्थना–पत्रों का विवरण परिषिष्ट **''घ''** में दिया गया है।

प्राधिकरण के समक्ष पुकारने पर बैठक में निम्न्लिखित् प्रार्थी उपस्थित हुए उपस्थित प्रार्थियों को सुनने के पष्चात प्राधिकरण ने निर्णय लिया कि इन प्रार्थियों को एक–एक स्थाई सवारी गाडी परमिट पांच वर्ष की अवधि के लिये सामान्य शर्तो के साथ स्वीकृत किया जाता है।

क्र0सं0	**परिषिष्ट का क्रमांक**	**आवेदक का नाम तथा पता**	**अन्य विवरण**
1–	क्रमांक–12	श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री जी0एन0 शर्मा 264,नत्थनपुर, देहरादून ।	
2–	क्रमांक–13	श्री राजेष कुमार पुत्र श्री रतनसिंह निवासी 267, कौलागढ, देहरादून ।	
3–	क्रमांक–16	श्री अर्जुनसिंह पुत्र श्री नाथी सिंह , लोअर नत्थनपुर, देहरादून ।	
4–	क्रमांक–18	कुमारी श्वेता पुत्री श्री हुकुमचन्द 1/77,चुक्खूवाला, देहरादून।	अनुसूचित जाति

स्वीकृत परमिट नई वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.8.10 तक प्राप्त किये जायेंगें अन्यथा स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी। परिषिष्ट में उल्लिखित शेष प्रार्थना पत्रों को अस्वीकृत किया जाता है।

इस मार्ग पर परमिट प्राप्त करने हेतु 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुऐ थे, जिनमे से 04 प्रार्थी ही प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुऐ। अतः 01 रिक्ति आगामी बैठक के लिये सुरक्षित रखी जाय।

(5) बंजारावाला–कारगी–गुलरधाटी वाया रायपुर तथा सम्बन्धित मार्गः–

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वे,क्षण समिति के द्वारा 03 परमिटों की संख्या बढाये जाने की संस्तुति की गई है। इस मार्ग पर परमिटों हेतु 07 प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण परिषिष्ट **''च''** में दिया गया है।

प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। प्राधिकरण के समक्ष निम्न 02 प्रार्थी ही उपस्थित हुये। प्राधिकरण ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि दोनों प्रार्थियों को एक–एक सवारी गाडी परमिट पांच वर्ष की अवधि के लिये सामान्य शर्तो पर स्वीकृत किया जाता है।

1–	क्रमांक–05	श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री एमपी सिंह निवासी 38/12 आर्यनगर, देहरादून।	वाहन सं0–यूए07ई–4919 अस्थाई परमिट पर संचालित
2–	क्रमांक–07	श्री अष्वनी शर्मा पुत्र श्री ईष्वर चन्द निवासी षिव मंदिर, राजपुर, देहरादून।	

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि श्री जितेन्द्र सिंह की वाहन सख्या––यूए07ई–4919 अस्थाई परमिट पर संचालित है। अतः उन्हें उसी वाहन पर तथा क्रमांक 2 पर उल्लिखित प्रार्थी को नई वाहन पर परमिट जारी किया जाय। स्वीकृत परमिट वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.8.10 तक जारी किया जाय। उसके उपरान्त स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

पुकारने पर अन्य कोई प्रार्थी प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। अतः 01 परमिट की रिक्ति आगामी बैठक के लिये सुरक्षित रखी जाय। परिषिष्ट में उल्लिखित अन्य प्रार्थना पत्रों को अस्वीकृत किया जाता है।

(6) पुरकुल गांव–मोथरोवाला वाया मार्ग अनारवाला–सर्किट हाउस–दिलाराम चौक –

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 03 परमिटों की संख्या बढाये जाने की संस्तुति की गई है। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त 33 प्रार्थना–पत्रों का विवरण परिषिष्ट ''छ'' में दिया गया है, तथा दो प्रार्थना–पत्र अनुपूरक सूची में उल्लिखित् है।

प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। उपस्थित प्रार्थियों को प्राधिकरण द्वारा विस्तार से सुना गया। प्राधिकरण की बैठक में श्री इन्द्र सिंह पुन्न ने बताया कि उनके पास बस उपलब्ध है, जो परमिट के अभाव में संचालित नहीं हो पा रही है, श्री अनुज धवन व श्री कुलदीप सिंह ने प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि उनकी वाहनें उक्त मार्ग के अस्थाई परमिट पर संचालित हो रही हैं। तीनों प्रार्थियों ने अपनी बसों के लिये स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने का निवेदन किया है। प्राधिकरण ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि तीनों प्रार्थियों को एक–एक स्थाई सवारी गाडी परमिट सामान्य शर्तो पर पांच वर्षो के लिये जारी किया जाय।

क्र0सं0	परिषिष्ट का क्रमांक	आवेदक का नाम तथा पता	अन्य विवरण
1–	क्रमांक 18	श्री इन्द्र सिंह पुन्न पुत्र श्री जे एस पुन्न निवासी 553 टपकेष्वर कालोनी देहरादून।	वाहन संख्या–यूके07पीए–0445
2–	क्रमांक 26	श्री अनुज धवन पुत्र श्री सतीष धवन निवासी लक्ष्मण चौक देहरादून।	वाहन संख्या– यूए07ई–1548
3–	क्रमांक 31	श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री महिपाल सिंह निवासीगोविन्दनगर,सहस्त्रधारारोड,देहरादून।	वाहनसं0–यूए07एन–9348

स्वीकृत परमिट दिनांक 31.08.10 तक वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किये जायेंगे। उसके उपरान्त स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जायेगी। परिषिष्ट तथा अनुपुरक सूची में उल्लिखित षेष प्रार्थनापत्रों को मार्ग पर रिक्ति न होने के कारण अस्वीकृत किया जाता है।

(7) एम0डी0डी0ए0 डालनवाला–डाट मन्दिर तथा सम्बन्धित मार्ग–

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 03 परमिटों की संख्या बढाये जाने की संस्तुति की गई है। मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त 58 प्रार्थनापत्रों का विवरण परिषिष्ट **"ज"** में दिया गया है तथा दो प्रार्थनापत्र अनुपुरक सूची में उल्लेखित हैं। प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। उपस्थित प्रार्थियों को प्राधिकरण द्वारा विस्तार से सुना गया। श्री अमर सिंह पंवार तथा श्री सचिन थापा ने उपस्थित होकर बताया कि उनके पास बस उपलब्ध हैं, उन्हें उक्त मार्ग का परमिट स्वीकृत किया जाय।

प्राधिकरण ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि निम्नलिखित प्रार्थियों को उक्त मार्ग का एक–एक स्थाई सवारी गाडी परमिट पांच वर्ष की अवधि के लिये सामान्य शर्तो के साथ स्वीकृत किया जाता है।

क्र0सं0	**परिषिष्ट का क्रमांक**	**आवेदक का नाम तथा पता**	**अन्य विवरण**
1–	(क्रमांक 39)	श्री अमर सिह पंवार पुत्र श्री मगन सिंह पंवार निवासी तुनवाला रायपरु देहरादून।	वाहन सं0–यूके07पीए–0417
2–	(क्रमांक 52)	श्री सचिन थापा पुत्र श्री हरि प्रसाद थापा निवासी हरिपुर नवादा देहरादून।	वाहन सं0–यूके07पीए–0355
3–	क्रमांक 55	श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री हरि लाल निवासी हरिद्वार रोड, हर्रावाला, देहरादून।	

क्रमांक 2 व 3 में वर्णित प्रार्थियों के पास वाहनें उपलब्ध हैं। अतः उनको उन्हीं वाहनों पर स्थाई परमिट जारी किये जाय। क्रमांक 1 में वर्णित प्रार्थी को नई वाहन पर स्वीकृत परमिट जारी किया जाय। स्वीकृत परमिट दिनांक 31.08.10 तक वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किये जायेंगे। उसके उपरान्त स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जायेगी। परिषिष्ट तथा अनुपुरक सूची में उल्लिखित शेष प्रार्थनापत्रों को मार्ग पर रिक्ति न होने के कारण अस्वीकृत किया जाता है।

(8) <u>परेड ग्राउन्ड–नयागॉव–पेलियो तथा सम्बन्धित मार्ग–</u>

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 02 परमिटों की संख्या बढाई जाने की संस्तुति की है। मार्ग पर सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त–23 प्रार्थनापत्रों का विवरण परिषिष्ट **"झ"** में दिया गया है।

परिशिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को पुकारने पर क्रमांक–17 पर वर्णित प्रार्थी श्री प्रवीण कुमार,, पुत्र श्री वेद प्रकाष निवासी रेडापुर, सहसपुर, देहरादून ही प्राधिकरण के सम्मुख उपस्थित हुऐ। प्राधिकरण ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि उनको एक स्थाई सवारी गाडी परमिट पांच वर्ष की अवधि के लिये सामान्य शर्तो के साथ स्वीकृत किया जाय।

स्वीकृत परमिट दिनांक 31.08.10 तक नई वाहनं के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किया जाय। उसके उपरान्त स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जायेगी। परिषिष्ट में उल्लिखित शेष प्रार्थनापत्रों को अस्वीकृत किया जाता है।

पुकारने पर अन्य कोई प्रार्थी प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। अतः 01 रिक्ति को आगामी बैठक के लिये सुरक्षित रखा जाय।

(9) प्रेमनगर–चौकी धौलास तथा सम्बन्धित मार्ग–

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 02 परमिटों की संख्या बढाई जाने की संस्तुति की है। मार्ग पर सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त–10 प्रार्थनापत्रों का विवरण परिषिष्ट "**ट**" में दिया गया है।

पुकारने पर कोई भी आवेदक प्राधिकरण के सम्मुख उपस्थित नहीं हुआ। इससे प्रतीत होता है कि इस मार्ग पर कोई भी आवेदक परमिट लेने का इच्छुक नहीं है। प्राधिकरण ने विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थना पत्रों को अस्वीकृत किया जाय।

(10) आई0एस0बी0टी0–परेडग्राउन्ड–सहस्त्रधारा मार्ग–

प्रबन्ध निदेषक उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून ने पत्र संख्या–1111/एचक्यू/संचालन–।।/10 दिनांक 25.6.10 द्वारा उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने के विरूद्ध आपत्ति करते हुए कहा गया है कि देहरादून–सहस्त्रधारा मार्ग राष्ट्रीयकृत मार्ग है। इस मार्ग के किसी भाग में निजी क्षेत्र की बस सेवा संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उक्त मार्ग पर निगम द्वारा जेएनएनएयूआरएम योजना के अन्तर्गत नगर बसें चलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने प्राधिकरण की बैठक में उपस्थित होकर कहा कि राष्ट्रीयकृत मार्ग पर यदि प्राधिकरण द्वारा परमिट जारी किये जाते हैं तो पहले परिवहन निगम को वाहन संचालन के लिये कहा जाय। यदि परिवहन निगम इस मार्ग पर बस संचालन न करे तो निजी आपरेटरों को बस संचालन हेतु परमिट दिये जायें।

प्राधिकरण को बताया गया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा देहरादून–सहस्त्रधारा मार्ग पर नगर बस सेवा संचालित नहीं है। परिवहन निगम द्वारा इस मार्ग पर संचालित नगर बस सेवा वर्ष 1996 के उपरान्त बन्द कर दी गई थी। षासन द्वारा मोटर गाडी अधिनियम–1988 की धारा–102 के अन्तर्गत राष्ट्रीयकरण की योजना में अधिसूचना संख्या–2134/30 –2–94–240/94 दिनांक 05.08.94 द्वारा संषोधन किया गया था । इस अधिसूचना में अन्य नगरों के साथ–2 देहरादून नगर में भी 20 किमी0 अर्धब्यास के भीतर (विषेष परिस्थितियों में 25 किमी0 अर्धब्यास में) निजि क्षेत्र की बसों द्वारा सडक परिवहन निगम के साथ–साथ निजी नगर बस सेवा चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। इस प्रकार राष्ट्रीयकरण की अधिसूचना में संषोधन हो जाने के पष्चात ही उपरोक्त मार्ग पर निजी नगर बस सेवा परमिट जारी किये गये है।

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा 04 परमिटों की संख्या बढाये जाने की संस्तुति की है। मार्ग पर स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त–97 प्रार्थना पत्रों के विवरण परिषिष्ट– "ठ" में दिया गया है। तथा दो प्रार्थना पत्रों का विवरण अनुपुरक सूची में दिया गया है। प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। प्राधिकरण के समक्ष 04 प्रार्थी ही उपस्थित हुऐ।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि इस मार्ग पर परिवहन निगम से भी परमिट प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र ले लिये जायें एवम् प्राधिकरण की आगामी बैठक में इन रिक्तियों के सापेक्ष परमिट देने पर विचार किया जायेगा, जिसमें परिवहन निगम को प्राथमिकता दी जायेगी। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्थगित किया जाता है तथा इन प्रार्थना पत्रों को परिवहन निगम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के साथ प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

(11) <u>राजपुर–क्लेमेन्टाउन मार्ग–</u>

प्रबन्ध निदेषक उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून ने पत्र संख्या–1111/एचक्यू/संचालन–।।/10 दिनांक 25.6.10 द्वारा उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने के विरूद्ध आपत्ति करते हुए कहा गया है कि देहरादून–क्लेमेन्टाउन मार्ग राष्ट्रीयकृत मार्ग है। इस मार्ग के किसी भाग में निजी क्षेत्र की बस सेवा संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उक्त मार्ग पर निगम द्वारा जेएनएनएयूआरएम योजना के अन्तर्गत नगर बसें चलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने प्राधिकरण की बैठक में उपस्थित होकर कहा कि राष्ट्रीयकृत मार्ग पर यदि प्राधिकरण द्वारा परमिट जारी किये जाते हैं तो पहले परिवहन निगम को वाहन संचालन के लिये कहा जाय। यदि परिवहन निगम इस मार्ग पर बस संचालन न करे तो निजी आपरेटरों को बस संचालन हेतु परमिट दिये जायें।

प्राधिकरण को बताया गया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा देहरादून–क्लेमेन्टाउन मार्ग पर नगर बस सेवा संचालित नहीं है। परिवहन निगम द्वारा इस मार्ग पर संचालित नगर बस सेवा वर्ष 1996 के उपरान्त बन्द कर दी गई थी। षासन द्वारा मोटर गाडी अधिनियम–1988 की धारा–102 के अन्तर्गत राष्ट्रीयकरण की योजना में अधिसूचना संख्या–2134/30–2–94–240/94 दिनांक 05.08.94 द्वारा संषोधन किया गया था । इस अधिसूचना में अन्य नगरों के साथ–2 देहरादून नगर में भी 20 किमी0 अर्धब्यास के भीतर (विषेष परिस्थितियों में 25 किमी0 अर्धब्यास में) निजि क्षेत्र की बसों द्वारा सडक परिवहन निगम के साथ–साथ निजी नगर बस सेवा चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। इस प्रकार राष्ट्रीयकरण की अधिसूचना में संषोधन हो जाने के पष्चात ही उपरोक्त मार्ग पर निजी नगर बस सेवा परमिट जारी किये गये है।

इस मार्ग पर संयुक्त सर्वेक्षण समिति के दो सदस्यों द्वारा मार्ग पर 04 परमिट जारी करने की संस्तुति की गई है। परन्तु तीसरे सदस्य पुलिस अधीक्षक यातायात ने यह टिप्पणी की है कि अत्यधिक व्यस्त मार्ग होने के कारण केवल दो बसों के परमिट जारी करने की संस्तुति की जाती है। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त–77 प्रार्थनापत्रों के विवरण परिषिष्ट "**ड**" में दिया गया है तथा एक प्रार्थना पत्र अनुपुरक सूची में उल्लेखित है। प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। प्राधिकरण के समक्ष 02 प्रार्थी ही उपस्थित हुऐ।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि इस मार्ग पर परिवहन निगम से भी परमिट प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र ले लिये जायें एवम् प्राधिकरण की आगामी बैठक में इन रिक्तियों के सापेक्ष परमिट देने पर विचार किया जायेगा, जिसमें परिवहन निगम को प्राथमिकता दी जायेगी। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्थगित किया जाता है तथा इन प्रार्थना पत्रों को परिवहन निगम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के साथ प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

(12) <u>परेड ग्राउन्ड–सेलाकुई वाया प्रिन्स चौक–सहारनपुर चौक–कांवली रोड मार्ग–</u>

देहरादून नगर में वर्ष 1996 से पूर्व परिवहन निगम द्वारा नगर बस सेवा संचालित की जा रही थी। निगम द्वारा वर्ष 1996 में नगर बस सेवा बन्द कर दिये जाने के पष्चात प्राधिकरण द्वारा देहरादून नगर में निजी नगर बस सेवा चलाने हेतु 14 मार्गो को वर्गीकृत किया गया था, जिसमें देहरादून–सेलाकुई मार्ग भी सम्मिलित था। सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा वर्गीकृत मार्गो का अनुमोदन करने हेतु कार्यालय के पत्र सं0–2772/आरटीए/नौ–37/98 दिनांक 01.07.98 द्वारा राज्य परिवहन प्राधिकरण से अनुरोध किया गया था। सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण उत्तर प्रदेष लखनऊ के पत्र सं0–1672/एसटीए/स्टैज/99 दिनांक 13.05.99 द्वारा अवगत कराया गया था कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उ0प्र0 के पद सं0–13 पर प्राधिकरण ने विचारोपरान्त इन मार्गों को वर्गीकरण का अनुमोदन कर दिया था।

अध्यक्ष इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएषन उत्तराखण्ड ने सूचित किया था कि सेलाकुई क्षेत्र में अनेक औधोगिक इकाईयां स्थापित हो जाने के कारण यहॉ पर फैक्ट्री के कर्मचारियों को डयूटी पर आने तथा वापस जाने हेतु कोई यातायात व्यवस्था नहीं होने के कारण परेषानियों का सामना करना पडता है। उनके द्वारा देहरादून से सेलाकुई तक नगर बस सेवा चलाने की मांग की गई थी।

पूर्व सैनिक –असैनिक जनकल्याण एवम् ग्राम सुधार समिति हरिपुर, सेलाकुई ने अपने पत्र सं0–50 दिनांक 06.11.09 द्वारा अवगत कराया है कि इस मार्ग पर डाकपत्थर मोटर आनर्स यूनियन की बसों में बैठने की तो क्या धुसने की जगह भी नहीं मिलती कई बार दफ्तर/कालेज जाने वालों को अनावष्यक अवकाष करना पडता है। इन बसों में भेड–बकरियों की तरह ठुंसे जाने के लिये आम जनता बेबस है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि डाकपत्थर वाली बसें आईएसबीटी तक जाती हैं, जबकि 80 प्रतिषत लोगों को दफ्तर, कालेज अथवा बाजार जाना पडता है। जिसके कारण उन्हें प्रेमनगर से दूसरी बस अथवा टैम्पो आदि का सहारा लेना पडता है। उन्होंने सेलाकुई से परेड ग्राउन्ड, देहरादून तक के लिये नगर बस सेवा चलाने की प्रार्थना की है।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) देहरादून ने अपने पत्र सं0–5300/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/06 दिनांक 06.12.06 द्वारा सूचित किया था कि प्रष्नगत मार्ग की कुल लम्बाई 23 किमी0 है। मार्ग का सहारनपुर चौक से कांवली रोड होते हुए बल्लीवाला चौक तक संकरा होने के कारण मार्ग पर 133 इंच व्हीलबेस की छोटी बसें चलाई जानी उपयुक्त होंगी। उन्होंने अपनी आख्या में यह भी कहा है कि वर्तमान में सेलाकुई क्षेत्र में विभिन्न उद्योग खुल गये हैं एवं कुछ फैक्टरियों का निर्माण भी चल रहा है। इसके अतिरिक्त सेलाकुई क्षेत्र में विभिन्न षिक्षण संस्थान भी खुल गये हैं, जिससे उक्त क्षेत्र की जनसंख्या भी बढी है तथा यात्रियों की संख्या में भी वृद्वि हुयी है। शहर के विभिन्न स्थानों से आने वाले छात्रों व अन्य यात्रियों को कई वाहनें बदलकर प्रेमनगर, बल्लीवाला चौक, बल्लूपुर आदि स्थानों से विकासनगर मार्ग की बसों को पकडना पडता है, जिनमें काफी भीड होती है तथा यात्रियों को अत्यधिक मंहगा भी पडता है। इसी प्रकार विकासनगर आदि स्थानों से शहर आने वाली लम्बी दूरी की बसें उक्त स्थानों तक आते–आते भर जाती हैं, जिससे फैक्ट्री कर्मियों तथा छात्रों को अत्यधिक कठिनाई होती है तथा उन्हें कई वाहनें भी बदलती पडती है। अतः जनहित में उक्त मार्ग पर नगर बस सेवा संचालित किया जाना लाभप्रद होगा। उनके द्वारा मार्ग पर 8 परमिट दिये जाने की संस्तुति की गई थी।

श्री दानवीर सिंह नेगी, पुत्र जे0 एस0 नेगी ने अपने पत्र दिनांक 18.06.10 द्वारा सूचित किया है कि मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व याचिका सं0–2047/एमएस/07 दायर की गयी थी। मा0उच्च न्यायालय में याचिका दायर होने के कारण प्रष्नगत मार्ग पर परमिट जारी नहीं हो पा रहे थे। इस याचिका श्री दानवीर सिंह नेगी, तथा सर्व श्री महेषपाल मैनी, कुलिन्दर, स्वाति ठाकुर, ओम प्रकाष, श्री मोहन सिंह, श्रीमती संगीता देवी तथा अनूप कुमार प्रतिवादी बने थे। और उनके द्वारा उक्त याचिका

में पैरवी करने के पष्चात मा0 उच्च न्यायालय द्वारा याचिका को खारिज किया गया है। उन्होंने निवेदन किया है कि उनको प्रष्नगत मार्ग पर परमिट जारी करने की कृपा करें।

देहरादून–सेलाकुई मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व देहरादून–डाकपत्थर मार्ग के आपरेटरों द्वारा याचिका सं0–1562/एमएस/06 तथा 2047/एमएस/07 दायर की गयी थी, जो मा0 उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई है। प्राधिकरण की बैठक दिनांक 27.12.08 में इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को मा0 उच्च न्यायालय में याचिका गतिमान होने के कारण अस्वीकृत किया गया था।

श्री शहजाद अली पुत्र श्री नूर हसन निवासी शंकरपुर रामपुर देहरादून ने भी उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व आपत्ति की है कि जब तक उनके प्रत्यावेदन का निस्तारण नहीं किया जाता है तब तक मार्ग पर नये परमिट स्वीकृत नहीं किये जा सकते हैं।

प्रबन्ध निदेषक उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून ने पत्र संख्या–1111/एचक्यू/संचालन–।।/10 दिनांक 25.6.10 द्वारा उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने के विरूद्ध आपत्ति करते हुए कहा गया है कि देहरादून–प्रेमनगर तक मार्ग राष्ट्रीयकृत मार्ग है। इस मार्ग के किसी भाग में निजी क्षेत्र की बस सेवा संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उक्त मार्ग पर निगम द्वारा जेएनएनयूआरएम योजना के अन्तर्गत नगर बसें चलाया जाना प्रस्तावित है।उन्होंने प्राधिकरण की बैठक में उपस्थित होकर कहा कि राष्ट्रीयकृत मार्ग पर यदि प्राधिकरण द्वारा परमिट जारी किये जाते हैं तो पहले परिवहन निगम को वाहन संचालन के लिये कहा जाय। यदि परिवहन निगम इस मार्ग पर बस संचालन न करे तो निजी आपरेटरों को बस संचालन हेतु परमिट दिये जायें।

प्राधिकरण को बताया गया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा देहरादून–प्रेमनगर तक मार्ग पर नगर बस सेवा संचालित नहीं है। परिवहन निगम द्वारा इस मार्ग पर संचालित नगर बस सेवा वर्ष 1996 के उपरान्त बन्द कर दी गई थी। षासन द्वारा मोटर गाडी अधिनियम–1988 की धारा–102 के अन्तर्गत राष्ट्रीयकरण की योजना में अधिसूचना संख्या–2134/30–2–94–240/94 दिनांक 05.08.94 द्वारा संषोधन किया गया था । इस अधिसूचना में अन्य नगरों के साथ–2 देहरादून नगर में भी 20 किमी0 अर्धब्यास के भीतर (विषेष परिस्थितियों में 25 किमी0 अर्धब्यास में) निजि क्षेत्र की बसों द्वारा सडक परिवहन निगम के साथ–साथ निजी नगर बस सेवा चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। इस प्रकार राष्ट्रीयकरण की अधिसूचना में संषोधन हो जाने के पष्चात ही उपरोक्त मार्ग पर निजी नगर बस सेवा परमिट जारी करने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त मार्ग पर स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त–228 प्रार्थनापत्रों का विवरण परिषिष्ट ढ में दिया गया है, इसके अतिरिक्त 11 प्रार्थना पत्रों का विवरण अनुपुरक सूची में उल्लेखित है। प्राधिकरण द्वारा परिषिष्ट में उल्लिखित प्रार्थियों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिये बुलाया गया। प्राधिकरण के समक्ष 10 प्रार्थी ही उपस्थित हुऐ।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि इस मार्ग पर परिवहन निगम से भी परमिट प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र ले लिये जायें एवम् प्राधिकरण की आगामी बैठक में इन रिक्तियों के सापेक्ष परमिट देने पर विचार किया जायेगा,, जिसमें परिवहन निगम को प्राथमिकता दी जायेगी। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्थगित किया जाता है तथा इन प्रार्थना पत्रों को परिवहन निगम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के साथ प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

यह भी निर्णय लिया गया कि संकल्प संख्या–5 वर्णित मार्गो पर अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों को जो परमिट स्वीकृत जारी किये गये है, उन परमिटों को अनुसूचित जाति के ही अभ्यर्थी को हस्तान्तरित किया जा सकेगा। ऐसे परमिट अन्य श्रेणी के अभ्यर्थी को हस्तान्तरित नहीं किये जायेंगें।

संकल्प संख्या–6:–

मद संख्या–6 के अन्तर्गत मसूरी नगर क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों के आवागमन हेतु नगर बस सेवा मार्ग निर्धारित करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,मसूरी द्वारा परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड को सम्बोधित पत्र दिनांक 18.5.09 के सन्दर्भ में इस मामले को प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12.11.09 में मद संख्या–15 ''अ'' के अन्तर्गत निम्न्लिखित् दो मार्गो को वर्गीकृत करने हेतु मामला प्रस्तुत किया गया था।

1– झडीपानी से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रषासनिक अकादमी–किंक्रेग–पिक्चर पैलेस मार्ग–21 किमी0

2– सुआखोली से झडीपानी वाया टिहरी बाईपास मार्ग–24 किमी0

प्राधिकरण ने अपनी बैठक दिनांक 12.11.09 में उक्त प्रकरण पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया था कि मार्ग पर परमिट स्वीकृत करने के पूर्व यह स्पष्ट होना आवष्यक है कि माल रोड पर इन वाहनों के संचालन हेतु क्या व्यवस्था रहेगी एवम् इससे यातायात नियंत्रण सम्बन्धी कोई समस्या तो नहीं होगी। प्राधिकरण ने इस मद पर यह निर्णय लिया था कि मार्गों का पुनः सर्वेक्षण कराकर आख्या प्रेषित की जाय।

प्राधिकरण के इन आदेषों के अनुपालन में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी देहरादून ने अपने पत्र दिनांक 01.04.10 द्वारा मार्गो का सर्वेक्षण करने के पष्चात आख्या प्रेषित की है कि उक्त दोनों मार्ग माल रोड से होते हुए नहीं गुजरते हैं, जिस कारण मार्गो पर बसों के संचालन की कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि इन मार्गो पर 156 इंच व्हीलबेस की बसें संचालित हो सकती हैं।

प्रबन्ध निदेषक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने बैठक में उपस्थित होकर झडीपानी से लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय अकादमी– किंक्रेग–पिक्चर पैलेस मार्ग के सम्बन्ध में आपत्ति करते हुए कहा कि यह मार्ग देहरादून–मसूरी राष्ट्रीयकृत मार्ग का भाग है। इस मार्ग पर निजी संचालकों को परमिट नहीं दिये जा सकते हैं। इस मार्ग पर परिवहन निगम स्वयं वाहन संचालन करना चाहता है।

यदि नगर पालिका सहमत हो तो वह उत्तराखण्ड परिवहन निगम के अनुबन्ध में इस मार्ग पर बस संचालन कर सकती है। उन्होने बैठक में यह भी कहा कि सुआखोली से झडीपानी वाया टिहरी बाईपास मार्ग पर परिवहन निगम को निजी बस सेवा संचालन में कोई आपत्ति नहीं है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि निम्नलिखित मार्गो को मसूरी में नगर बस सेवा चलाने हेतु क श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। मोटर गाडी अधिनियम–1988 की धारा–68(3)(ग–क) में दिये गये प्राविधानों के अनुसार मार्ग निर्मित करने के सम्बन्ध में राज्य परिवहन प्राधिकरण के माध्यम से शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाय।

1– झडीपानी से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रषासनिक अकादमी–किंक्रेग–पिक्चर पैलेस मार्ग–21 किमी0
2– सुआखोली से झडीपानी वाया टिहरी बाईपास मार्ग–24 किमी0

,

<u>संकल्प सं0–7</u>

<u>(अ)–</u> इस मद के अन्तर्गत देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग के परमिटों को नगर बस परमिटों में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। प्रधान/सचिव, रायपुर बस आपरेटर यूनियन देहरादून ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 05.06.10 द्वारा सूचित किया है कि "वर्तमान में इनके मार्ग पर 14 स्थाई सवारी परमिट वैध हैं। देहरादून से रायपुर तक उनके मार्ग को 40 सिटी बसों द्वारा ओवरलेप किया जाता है, जिसमें से कुछ बसें प्रेमनगर–रायपुर मार्ग की हैं तथा कुछ बसें बंजारावाला–गुलरधाटी मार्ग की हैं। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में यह भी कहा है कि एक ही मार्ग पर दो तरह की बसों का संचालन होने से आपसी प्रतिस्पर्धा होती है, जिससे दुर्धटना होने की सम्भावना होती है। उन्होंने निवेदन किया है कि मद में वर्णित तथ्यों के आधार पर उनके मार्ग के परमिटों को नगर बस सेवा परमिटों में परिवर्तित कर दिया जाय"।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि संयुक्त सर्वेक्षण समिति के माध्यम से उक्त मार्ग का सर्वे कराकर यह आख्या प्राप्त की जाय कि वर्तमान में उक्त मार्ग पर नगर बस वाहन मानकों के अनुरुप कितनी बसों की आवष्यकता होगी ? यह भी निर्णय लिया गया कि निर्धारित रिक्तियों पर मार्ग के वर्तमान परमिट धारकों को प्राथमिकता दी जायेगी। उपरोक्त मार्ग का सर्वेक्षण संयुक्त सर्वेक्षण समिति से कराया जाय तथा आख्या प्राप्त की जाय कि मार्ग पर कितने व्हीलबेस की वाहनें संचालित हो सकती हैं तथा मार्ग पर कितने परमिट जारी किये जा सकते हैं।

(ब)– इस मद के अन्तर्गत देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग का विस्तार पीपीसीएल तक करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया हैं। सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी देहरादून ने मार्ग का सर्वेक्षण करने के पष्चात आख्या प्रस्तुत की है कि पीपीसीएल तक बसों का संचालन किया जा सकता है। मालदेवता से पीपीसीएल तक मार्ग की दूरी 3.2 किमी0 है। मार्ग पक्का है तथा बसों के संचालन हेतु उपयुक्त है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि मार्ग पर संचालित 166 इंच व्हीलबेस की बसों के परमिटों में मालदेवता से पीपीसीएल मार्ग का पृष्ठांकन कर दिया जाय।

संकल्प सं0–8–

इस मद के अन्तर्गत सीमाद्वार–नालापानी मार्ग का विस्तार बसंत बिहार चौक से पंडितवाडी पुलिस चौकी तक करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) देहरादून ने मार्ग का सर्वेक्षण करने के पष्चात अपने पत्र दिनांक 17.12.09 द्वारा आख्या प्रस्तुत की है कि बंसत बिहार चौक से पंडितवाडी तक, जिसकी दूरी लगभग 2 किमी0 है, कोई नगर बस अथवा विक्रम टैम्पो सेवा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सीमाद्वार–नालापानी मार्ग में उक्त मार्ग का पृष्ठांकन करने की संस्तुति की है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि पंडितवाडी क्षेत्र की जनता को यातायात सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सीमाद्वार–नालापानी मार्ग का विस्तार बंसत बिहार चौक से पंडितवाडी पुलिस चौकी तक करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

संकल्प सं0–9–

